प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 12वें दिन सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। इसमें बजट अनुमानों और अनुदान मांगों का प्रस्तुतिकरण व चर्चा होगी। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

डिस्पेच–योगराज

सदन की कार्यवाही के बाद आज प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की जाएगी। ये बैठक बीते कल सदन की कार्यवाही काफी देर तक चलने के कारण नहीं हो पाई थी।

हंगामा

वहीं विधानसभा के बजट सत्र में कल विपक्ष द्वारा प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर खूब हंगामा किया गया। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है और सरकार प्रदेशवासियों के जान–माल की सुरक्षा के लिए सक्षम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जांच को प्रभावी बनाने पर जोर दे रही है। इसके लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग हो रहा है और पड़ोसी राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ सूचनाओं का आदान–प्रदान भी हो रहा है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि उन्होंने अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री से वर्ष 2023–2024 में प्राकृतिक आपदा के एवज में पोस्ट डिजास्टर नीड एसस्मेंट को शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया है।

वहीं, संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हाल ही में हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात की थी और उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही प्रदेश में संगठन का विस्तार किया जायेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। जिसके चलते मैदानी क्षेत्रों में दिन के तापमान में बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। ऊना में पिछले कल अधिकतम तापमान 33 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि कल से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिसके चलते मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक राज्य के कुछ स्थानों पर तूफान के साथ वर्षा होने की संभावना जताई है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए नागरिकों से सुझाव मांगे हैं। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं।

लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 और नमो ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से ऑन–लाइन भी 28 तारीख तक दे सकते हैं।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से...</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

बजट सत्र से जुड़ी खबर पर अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा सहारा योजना में होगा संशोधन अन्य मरीज होंगे शामिल। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं राज्य में सहारा योजना को जारी रखेगी सरकार, नियमों में होगा बदलाव।

जुब्बड़हटटी एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा, डिप्टी सीएम, डी जी पी सहित 42 लोग थे सवार पंजाब केसरी की एक खबर है। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं दिल्ली–शिमला फलाइट की एमरजेंसी लैंडिंग, डिप्टी सीएम–डीजीपी थे सवार।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है विमल नेगी मौत मामले में नहीं बख्शे जाएंगे दोषी।

मौसम से जुड़ी खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है बढ़ने लगी गर्मी, ऊना का पारा 33 दशमलव 6 डिग्री पहुंचा, आज बर्फबारी व बारिश संभव।